# पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

## चतुर्दश दीक्षांत समारोह

### ।। अधिसूचना ।।

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर का चतुर्दश दीक्षान्त समारोह दिनांक 10 जनवरी 2008 को अपरान्ह 3.00 बजे होना निश्चित हुआ है । इस दीक्षांत समारोह में उन सभी प्रत्याशियों को उपाधि-पत्र वितरित किए जावेंगे जो दिनांक 25.1.07 से 2.1.08 तक की अवधि में इस विश्वविद्यालय की निम्नलिखित उपाधि के लिए योग्य घोषित किए गए हैं -

**डी.लिट, पी-एच.डी.**

1. प्रो. अनिल काकोड़कर, अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष एवं सचिव, भारत शासन इस दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि होंगे, उन्होंने अनुग्रहपूर्वक दीक्षान्त भाषण देना स्वीकार किया है । विश्वविद्यालय के महामहिम कुलाधिपति श्री ई.एस.एल. नरसिम्हन समारोह की अध्यक्षता करेंगे ।

   डी.-लिट. एवं पी-एच.डी. प्राप्त जो प्रत्याशी इस दीक्षांत समारोह में उपस्थित होकर उपाधि प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें इस बात की सूचना नीचे दिए आवेदन-पत्र के प्रारूप पर विश्वविद्यालय के उपाधि प्रकोष्ठ को दिनांक 2.1.2008 तक देनी होगी । साथ में प्रत्याशियों को 500.00 रुपए नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट द्वारा दीक्षांत समारोह के शुल्क के रूप में कुलसचिव, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को भेजना होगा । इस प्रकार की सूचना एवं शुल्क प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक 2.1.2008 को समाप्त हो जावेगी । इस अवधि के पश्चात आवेदन पत्र एवं शुल्क स्वीकार नहीं किए जावेंगे ।

   निश्चित शुल्क एवं अन्य ब्यौरा प्रप्त होने पर विश्वविद्यालय द्वारा उन प्रत्याशियों के लिए दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने हेतु अनुज्ञा-पत्र तैयार किया जावेगा । ये अनुज्ञा-पत्र विश्वविद्यालय कार्यालय परीक्षा विभाग में दिनांक 7.1.08 तक प्राप्त हो सकेगा । अनुज्ञा-पत्र के प्रपत्र ब प्रस्तुत करने पर विश्वविद्यालय परिधान दायक से गाउन प्राप्त हो सकेगा । गाउन धारण करने के पश्चात ही दीक्षांत समारोह स्थल में प्रवेश मिल सकेगा ।

2. चतुर्दश दीक्षांत समारोह में वर्ष 2006-07 की परीक्षा मे विभिन्न कक्षाओं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण ऐसे छात्रों को जो प्रवीण्य सूची में प्रथम आए हैं उन्हें स्वर्ण-पदकों से भी अलंकृत किया जावेगा । स्वर्ण-पदक हेतु योग्य घोषित छात्र स्वयं उपस्थित होकर दीक्षांत समारोह मे स्वर्ण-पदक प्राप्त करना चाहते हैं वे दिनांक 2.1.2008 तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन विश्वविद्यालय के उपाधि प्रकोष्ठ में प्रस्तुत करेंगे । निर्धारित अवधि के बाव प्राप्त आवेदकों को दीक्षांत समारोह में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जा सकेगी । गाउन धारण करने के पश्चात ही दीक्षांत समारोह में उपस्थित होने की अनुमति दी जा सकेगी। गाउन धारण करने के पश्चात ही दीक्षांत समारोह में प्रवेश हो सकेगा । गाउन किराया रूपए 125.00 प्रति छात्र शुल्क के रूप में देय होगा तथा गाउन प्रदायकर्ता को गाउन हेतु वापसी योग्य जमानती राशि भी जमा करना होगा।

**(टीप - गाउन प्राप्ति हेतु रुपए 500 रु. वापसी योग्य अमानत राशि डॉ. बी.पी. साहू, उपकुलसचिव परीक्षा के पास जमा करना होगा )**

कुलसचिव

पृ. क्र. 674 /प्रशा. /दीक्षांत/2007

रायपुर, दिनांक 5.12.2007

**प्रतिलिपि -**

1. महामहिम कुलाधिपति एवं राज्यपाल के सचिव, राजभवन, रायपुर ।
2. विश्वविद्यालय विद्या परिषद् एवं कार्यपरिषद् के सदस्यों को ,
3. विश्वविद्यालय के सभी संकायों के संकाध्यक्ष,
4. अधिष्ठाता छात्र कल्याण
5. सचिव, उच्च शिक्षा, डी.के. भवन, रायपुर
6. आयुक्त, उच्च शिक्षा, विज्ञान महा. परिसर, रायपुर
7. समस्त संबंद्ध महाविद्यालय के प्राचार्य
8. विश्वविद्यालय अध्ययन शाला के अध्यक्ष
9. संपादक, स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों को आगामी अंक के अंतिम पृष्ठ पर समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु,
10. केन्द्र निदेशक, आकाशवाणी/दूरदर्शन रायपुर को सूचना के रूप में प्रसाराणार्थ ।

कुल सचिव